हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार 9 फरवरी 2026

11 बजट ग्रामीण भारत के उत्थान को पूरी तरह समर्पित : बराला



12 सफाई कर्मचारियों ने शहर में किया प्रदर्शन, विधायक को सौंपा ज्ञापन...



## खबर संक्षेप

### युवक को हेरोइन सहित किया गिरफ्तार

**रतिया।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए सीआईए रतिया पुलिस ने एक युवक को हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए रतिया प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक रिछपाल ने बताया कि अपराध रोकथाम के दौरान टोहाना रोड से शिमलापुरी कॉलोनी की ओर गश्त करते समय एक युवक पुलिस वाहन को देखकर घबराकर पीछे मुडक़र तेज कदमों से चलने लगा। शक के आधार पर उसे रोककर पूछताछ की गई।

### लूट करने वाला गिरोह का चौथा मैम्बर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** स्टाइकर गेम के बहाने लोगों को लूटने वाले गिरोह का पर्दाफॉश करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने गिरोह के चौथे सदस्य को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान क्रांति उर्फ शिवा निवासी शास्त्री नगर, फतेहाबाद के रूप में हुई है। इस मामले में इससे पहले तीन आरोपियों को पहले ही काबू किया जा चुका है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि यह मामला सतीश निवासी गांव चौबारा, जिला फतेहाबाद की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था।

### गांजा बेचने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जुगाड़ मोटरसाइकिल पर गांजा बेचने के आरोप में थाना सदर रतिया पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी प्रहलाद ने बताया कि एसआई रामेश्वर दयाल के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त पर थी। इसी दौरान गांव चिम्मो के पास पेट्रोल पंप के नजदीक एक युवक पुलिस वाहन को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे मौके पर ही काबू कर लिया।

### टोहाना पुलिस ने फरार पीओ को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस ने न्यायालय द्वारा पीओ घोषित एक आरोपी को काबू किया है। इस कार्रवाई का नेतृत्व थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह द्वारा किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि न्यायालय के आदेशानुसार पीओ घोषित आरोपी को काबू किया गया है।

### जान से मारने की धमकी देने का आरोपी काबू

**डबवाली।** गोरीवाला चौकी पुलिस ने महिला पर हमला करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त बाइक व लकड़ी डंडा भी बरामद कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान संदीप कुमार पुत्र बुधराम निवासी गंगा जिला सिरसा के रूप में हुई है। गोरीवाला चौकी पुलिस प्रभारी जगपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला ने बयान दिया कि जब वह गंगा गौशाला में काम कर रही थी। दो आरोपियों ने उस पर लकड़ी के डंडे और लोहे की दंताली से हमला कर दिया। आरोपियों ने उसे बाइक पर अपने घर ले जाकर भी मारपीट की।

# तेज धूप पड़ने से फिर गेहूं उत्पादन को लेकर कृषि विशेषज्ञों की बढ़ी चिंता, आज बदलेगा मौसम, बूंदाबांदी के आसार

**उत्तरी-पश्चिमी हवाएं चलने से तापमान में गिरावट आएगी**

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जनवरी के अंतिम सप्ताह में पश्चिमी विक्षोभ के निष्क्रिय होने के बाद पिछले कई दिनों से यहां पड़ रही तेज धूप के कारण दिन के तापमान में काफी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। रविवार को दिन में निकली तेज धूप ने लोगों को मार्च जैसी गर्मी का अहसास करवा दिया। रविवार को यहां का अधिकतम तापमान 24 डिग्री को भी पार कर गया जबकि न्यूनतम तापमान 9 डिग्री दर्ज किया गया। इस गर्मी ने गेहूं के लिए संकट खड़ा कर दिया है। किसानों के चेहरे पर अभी से ही चिंता की लकीरें खिंच गई है। मौसम विभाग ने 9 फरवरी को पश्चिमी विक्षोभ की संभावना जताई है, जिस कारण 9 व 10 फरवरी को उत्तरी-पश्चिमी हवाएं चलने से तापमान में गिरावट आएगी। हालांकि मौसम विभाग ने 6 व 9 फरवरी को 2 डब्ल्यूडी एक्टिव होने के चलते बारिश की संभावना जताई थी लेकिन पश्चिमी विक्षोभ निष्क्रिय हुए और बारिश की जगह धूप ने ले ली। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार ऐसे ही तापमान बढ़ता रहा तो गेहूं के दाने का रस सूख जाएगा। इसके बाद गेहूं का दाना सिकुड़ना शुरू हो जाएगा। दाना कमजोर होने से इसका असर गेहूं उत्पादन पर पड़ेगा।

### फरवरी में मार्च महीने जैसी गर्मी का हो रहा अहसास

**ऐसे बढ़ा तापमान**

| दिनांक | न्यूनतम | अधिकतम |
| --- | --- | --- |
| 1 फरवरी | 7 | 19 |
| 2 फरवरी | 8 | 19 |
| 3 फरवरी | 11 | 21 |
| 4 फरवरी | 9 | 18 |
| 5 फरवरी | 8 | 19 |
| 6 फरवरी | 8 | 22 |
| 7 फरवरी | 8 | 25 |
| 8 फरवरी | 9 | 24 |



फतेहाबाद। खेतों में तेज धूप में खड़ी गेहूं की फसल।

**पहले धुंध ने चलाया बरसात का काम**

बरसात न होने से चना व सरसों की फसल काली पडनी शुरू हो जाती है और उसकी बढ़वार रूक जाती है, जिसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ता है। पीछे अच्छी धुंध ने बरसात का काम चलाया लेकिन अब तेज धूप नुकसानदायक साबित हो रही है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि किसान अच्छी सिंचाई करें। पिछले 13 सालों में ऐसा पहली बार हुआ है कि दिसम्बर में एक बार भी बरसात नहीं हुई जबकि जनवरी में नाममात्र ही बरसात हुई।

### कल तक बादलवाही और बूंदाबांदी की उम्मीद

हिसार स्थित एचएयू मौसम विभाग के अध्यक्ष डॉ. एमएल खिचड़ के अनुसार प्रदेश में मौसम आमतौर पर 10 फरवरी तक परिवर्तनशील रहने की संभावना है। इस दौरान लगातार दो पश्चिमीविक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण राज्य के मौसम में बदलाव होगा। 9 फरवरी को एक्टिव होने वाले पश्चिमीविक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण 9 फरवरी रात्रि व 10 फरवरी को राज्य में आंशिक बादलवाई छाई रहेगी। इसके अलावा कहीं कहीं हवाओं व गरज चमक के साथ बूंदाबांदी या हल्की बारिश की संभावना है। उसके बाद राज्य में मौसम आमतौर पर खुश्क तथा उत्तर पश्चिमी हवाएं चलने से रात्रि तापमान में गिरावट होने की संभावना है। इस दौरान अलसुबह व देर रात्रि को कहीं कहीं धुंध भी रहने की संभावना है।

### तापमान बार्डर लेवल पर चल रहा

कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश सिहाग ने बताया



कि अभी तापमान बार्डर लेवल पर चल रहा है। अगर थोड़ा-सा भी तापमान बढ़ता है तो उसका गेहूं के उत्पादन पर विपरीत असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि 30 डिग्री के आसपास तापमान पहुंचा तो फिर किसानों के लिए चिंता का विषय हो सकता है।

## राजनीतिक उठा-पटक व कमीशनखोरी के चलते विकास कार्यों पर लगा ब्रेक

# नप के पास बैंकों में पड़े 68 करोड़ 80 टेंडर फाइलों में धूल फांक रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

नगरपरिषद में आपसी राजनीतिक उठा-पटक व कमीशनखोरी के चलते शहर में विकास होना तो दूर की बात, शहर का बेड़ा गर्क होकर रह गया है। हालात यह है कि इस समय नगरपरिषद के सेविंग खातों में विभिन्न बैंकों में करीब 68 करोड़ की राशि पड़ी हुई है। पिछले 6 महीनों में शहर के विकास के लिए एक भी नया टेंडर नहीं लगा। इस बीच 50 विकास कार्यों के टेंडर अवधि निकल चुकी है वहीं 80 टेंडर अभी फाइलों में धूल फांक रहे हैं। इससे पार्षदों में भी गहरा रोष पाया जा रहा है। दूसरी तरफ नगरपरिषद में राजनेताओं का इतना हस्तक्षेप है कि परिषद के पास इस समय कार्यकारी अभियंता तथा जेई तक नहीं है। दरअसल शहर में नगरपरिषद के पास तीन बड़े महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट थे जिनपर शहरवासियों की नजरें गढ़ी हुई है। इनमें भट्टू रोड मिनी बाईपास पर साइकलिंग ट्रेक, आजाद नगर व बीघड़ रोड पर कम्युनिटी सैंटर, नगरपरिषद के नए भवन का निर्माण, नई अनाज मण्डी से लेकर नए बस स्टैण्ड तक स्ट्रीट लाइटें व क्लॉथ मार्किट में दुकानों की रजिस्ट्री शामिल हैं। यह सब प्रोजेक्ट अभी लटके हुए हैं। विकास कार्य न होने से आहत पार्षदों का कहना है कि नगर परिषद में पिछले छह महीनों से एक भी टेंडर नहीं लगा, जिससे उनका रोष बढ़ता जा रहा है। नगरपरिषद कार्यालय में पहले से लंबित लगभग 50 टेंडरों की समय अवधि समाप्त हो चुकी है। इसके अलावा, कार्यालय में लगभग 80 टेंडर फाइलें धूल फांक रही हैं, जिससे शहर की विकास प्रक्रिया ठहरी गई है। नगरपरिषद हाऊस की बैठक बुलाने के लिए तिथि निर्धारित कर सभी 27 पार्षदों को बुलावा भेजा तो मैसेज के बावजूद नप कार्यालय में मोहन लाल नारंग, चंद्रभान, अनिल गर्ग व उसकी पत्नी ही निर्धारित तिथि पर बैठक में पहुंचे। पार्षदों ने आरोप लगाया कि इस नगरपरिषद का कुछ नहीं होने वाला है। बार-बार बैठक की जा रही है। मोहन लाल नारंग ने बताया कि एक दिन पहले ही मैसेज जारी किया लेकिन अधिकतर पार्षद बाहर होने का मैसेज दिया। दरअसल पिछले कुछ दिनों से पार्षद भी दो गुटों में बंटे हुए है। यहीं कारण है कि पिछले दिनों हुई बैठक में आए चार पार्षद वाइस चेयरपर्सन के कमरे में नहीं गए। शहर का विकास न होने का प्रमुख कारण ये है। वहीं 70 प्रतिशत पार्षद तो अगली बार चुनाव तक लडऩे के लिए कतरा रहे है।

**शहर का बेड़ा हुआ गर्क**





**पिछले दिनों सीएम कार्यालय में हुई बात**

पिछले दिनों मुख्यमंत्री कार्यालय में बात हुई है। अगले सप्ताह तक कार्यकारी अभियंता व जेई के आर्डर हो जाएंगे। एमई को कहा गया है कि जो काम है उसकी लिस्ट बना ले ताकि जल्द ही टेंडर लग सके।
-सविता टूटेजा, वाइस चेयरपर्सन नप।

**50 टेंडरों की समय सीमा खत्म**

**इन आंकड़ों पर डाले नजर**

| | |
| --- | --- |
| ⏭नप की बैंकों में पड़ी राशि | 68 करोड़ |
| ⏭कितने काम रद करने पड़े | 50 |
| ⏭कितने टेंडर बनाकर फाइलों में रखे | 80 |

**वाइस चेयरपर्सन ने की बैठक**

दूसरी तरफ वाइस चेयरपर्सन सविता टूटेजा ने पार्षद निलांशी, राजकुमार, पंछी सहित अन्य पार्षदों के साथ बैठक की। उन्होंने पार्षदों से सांझा किया कि सिरसा जिले से एक कार्यकारी अभियंता जल्द ही फतेहाबाद में आ जाएगा, मुख्यमंत्री से इस बारे में बात हुई है। उधर एक जेई भी जल्द आने वाला है। उसके बाद काम शुरू हो जाएंगे। एमई से बात करके काम तैयार करवा लिए है ताकि जैसे ही कार्यकारी अभियंता आएंगे तो टेंडर लग जाएगा।

**क्या-क्या काम प्रमुखत रुके हुए है**

- ⏭सडक़ों का निर्माण नहीं हो रहा।
- ⏭स्वागत द्वार का निर्माण।
- ⏭ठेकेदारों की पेमेंट जारी नहीं हो रही।
- ⏭चौकों का सौंदर्यकरण का काम।



सिरसा। चूरापोस्त सहित पकड़ा गया आरोपी। फोटो: हरिभूमि

## हेरोइन, गांजा व चूरापोस्त बरामदी में आठ नशा तस्कर गिरफ्तार

- पुलिस ने आरोपियों पर अभियोग दर्ज कर कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭डबवाली

पुलिस ने नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए आठ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लाखों रुपये की हेरोइन, गांजा, चूरापोस्त, नशीली गोलिया व कैप्सलू बरामद किए हैं। सीआईए कालांवाली प्रभारी सुरेश कुमार ने रविवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव ओढां क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल सवार युवक आता दिखाई दिया और पुलिस को देखकर वापस मुड़ गया। पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से चार किलो चूरापोस्त बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान गांव तारूआना निवासी सतनाम सिंह के रूप में हुई। इसके अलावा पुलिस ने मंडी कालांवाली से पवीन कुमार को हेरोइन सहित काबू किया है। चौटाला पुलिस चौकी ने गांव चौटाला क्षेत्र से बिहार निवासी जितेंद्र कुमार को आधा किलोग्राम गांजा सहित काबू किया है। पुलिस ने शक के आधार पर युवक को दबोच लिया और उसकी तलाशी ली तो उसके थैले से आधा किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। सीआईए डबवाली पुलिस ने हेरोइन तस्करी मामले में जगसीर को गिरफ्तार किया है। सीआईए प्रभारी राजपाल ने बताया कि पुलिस ने गांव देसूजोधा क्षेत्र से पंजाब निवासी बीरबल व सुखविंद्र को हेरोइन सहित काबू किया था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्हें जगसीर ने हेरोइन सप्लाई की थी।

**800 गोलियां मिलीं**

पुलिस ने डबवाली प्रतिबंधित आठ सौ नशीली गोलियां व कैप्सूल सहित इंद्राज, सतबीर व अनुज को गिरफ्तार किया है। चौटाला पुलिस चौकी प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव चौटाला क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान तीन युवक आते दिखाई दिए जिन्हें शक के आधार पर रोक कर तलाशी ली तो उनके कब्जे से नशीली गोलियो व कैप्सूल बरामद हुए। आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में अभियोग दर्ज किया गया है।

## दुकान में लगी आग, मची अफरा-तफरी

- विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

शहर के शिव चौक क्षेत्र में रविवार दोपहर को दुकान में अचानक आग लग गई। आग लगने की घटना से आसपास के दुकानदारों और लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुकान की ऊपरी मंजिल से धुआं और लपटें उठती दिखाई दीं, जिसके बाद आसपास में मौजूद लोगों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। जानकारी अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो पाएगी। गनीमत यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन दुकान के ऊपर रखे सामान को नुकसान पहुंचा है। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर मौजूद रही और स्थिति को नियंत्रित किया।



सिरसा। दुकान पर लगी आग से उठता धुआं। फोटो: हरिभूमि

## विदेश में करवाई साइबर ठगी, युवक गिरफ्तार

- विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर युवकों को धोखे से म्यांमार भेजा था

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर युवकों को धोखे से म्यांमार भेजकर साइबर फ्रॉड कराने के मामले में कार्रवाई करते हुए इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद द्वारा एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान अमनदीप सिंह निवासी मनोरापुर, कलियावाला, उत्तराखंड के रूप में हुई है। इससे पहले इसी प्रकरण में दो आरोपी पहले ही काबू किए जा चुके हैं। इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि यह मामला राहुल, अंकित खिचड़ निवासी गांव धौलू तथा अमरदीप सिंह निवासी काताखेड़ी की शिकायत पर दर्ज किया गया था।



फतेहाबाद। विदेश भेजकर ठगी कराने के मामले में गिरफ्तार युवक। फोटो: हरिभूमि

**अब तक 3 काबू**

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि उन्हें विदेश में कंप्यूटर व ऑनलाइन कार्य का लालच देकर पहले थाईलैंड बुलाया गया, जिसके बाद अवैध रूप से म्यांमार भेजकर उन्हें बंधक बना लिया गया। वहां उनसे डेटिंग वेबसाइटों के माध्यम से विदेशी नागरिकों को प्रेमजाल में फंसाकर डॉलर की ठगी करवाई जाती थी। वापस आने के बदले उनसे लाखों रुपये की मांग की गई। इस संबंध में थाना भूना में 19 नवंबर 2025 को बीएनएस की धाराओं के अलावा इमीग्रेशन एक्ट में मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस अब तक तीन युवकों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## सोमा न्यू टाउन में 13 हरे पेड़ काटे

- लोगों ने उपायुक्त व एसपी को दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

शहर के सेक्टर-4 स्थित सोमा न्यू टाउन में 13 हरे-भरे पेड़ काटे जाने का मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में रोष फैल गया। सोमा न्यू टाउन रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी के प्रधान नरेश सरदाना, उपप्रधान अनिल कुमार बेनीवाल, सह-सचिव चिराग मंगल, कोषाध्यक्ष विजय मोंगा, महासचिव प्रो. हवा सिंह, हरभगवान गोयल व स्थानीय निवासियों ने इस संबंध में उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और वन विभाग को शिकायत सौंपकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच करवाकर कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में रविवार को दोनों पक्षों में बातचीत जारी थी। सोसायटी सदस्यों ने आरोप लगाया है कि न्यू टाउन क्षेत्र में सडक़ किनारे वर्ष 2009 में लगाए गए करीब 13 विकसित पेड़ों को काट दिया गया। ये पेड़ वर्षों से क्षेत्र की हरियाली और पर्यावरण संतुलन का हिस्सा थे। शिकायत में कहा गया है कि कटे हुए पेड़ों को ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर ले जाया गया।,



फतेहाबाद। हुडा पुलिस चौकी में खड़ी काटे पेड़ों से लदी ट्राली। फोटो: हरिभूमि

## धर्म-कर्म : दुर्लभ शुभ योग बनेंगे, 4 प्रहर में होगी भगवान शिव की विशेष पूजा

# फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी व महाशिवरात्रि 15 को

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

हर साल की तरह इस बार भी महाशिव रात्रि फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। यह पर्व भगवान शिव व पार्वती के दिव्य मिलन का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक मान्ताओं के अनुसार, इस दिन की गई पूजा, व्रत और जप से महादेव शीघ्र प्रसन्न होते हैं व भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं। श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद के पुजारी पंडित सोनू शर्मा के अनुसार विशेष रूप से अविवाहित कन्याओं के लिए यह दिन मनचाहा जीवन साथी प्राप्ति का श्रेष्ठ अवसर माना गया है। उनके अनुसार, फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी तिथि 15 फरवरी को शाम 5:04 बजे शुरू होकर 16 फरवरी को शाम 5:34 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार इस वर्ष महाशिवरात्रि 15 फरवरी को मनाई जाएगी। महाशिवरात्रि पर रात्रि भर चार प्रहरों में भगवान शिव की पूजा का विशेष विधान है। पहला प्रहर शाम 6:39 से 9:45 बजे तक, दूसरा प्रहर रात 9:45 से 12:52 बजे तक, तीसरा प्रहर रात 12:52 से सुबह 3ङ59 बजे तक तो चौथा प्रहर सुबह 3:59 से 7:06 बजे तक होगा।

**शिवलिंग पर अर्पित करें बेलपत्र व धतूरा**



पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार महाशिवरात्रि पर शिवलिंग की पूजा में कुछ विशेष वस्तुएं अर्पित करने से विशेष कृपा प्राप्त होती है। पहला है बेलपत्र, 11 बेलपत्र अर्पित करें, चिकना भाग नीचे की ओर रखें। दूसरा धतूरा और भांग शिव के प्रिय भोग माने जाते हैं, मानसिक शांति देते हैं। तीसरा है शमी के फूल जोकि सात शमी पुष्प अर्पित करने से दोषों से मुक्ति और इच्छापूर्ति की मान्यता है। महाशिवरात्रि पर उपवास, रुद्राभिषेक और शिव मंत्रों के जाप से भक्तों को आध्यात्मिक ऊर्जा और मन की शांति प्राप्त होती है।

**सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 7 से शाम 7:48 तक**

पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 7 बजे से शाम 7:48 बजे तक रहेगा। इसके साथ ही उत्तराषाढ़ा व श्रवण नक्षत्र का शुभसंयोग बनेगा। पूरे दिन व्यतीपात योग रहेगा, जबकि रात्रि में निशिता काल 11:52 से 12:42 बजे तक रहेगा। दिन में अभिजीत मुहूर्त व अमृतकाल भी विशेष फलदायी माने जा रहे हैं।

*हारना तब आवश्यक हो जाता है, जब लड़ाई अपनों से हो, और जीतना तब आवश्यक हो जाता है, जब लड़ाई अपने आप से हो।*

**-हरिवंश राय बच्चन**



*वह मुझे मनाने के लिए, पकड़ने के लिए मेरे पीछे-पीछे दौड़-भाग करती रही और मैं झूठमूठ की नाराज़गी का नाटक करते हुए पीछे की तरफ हटे जा रही थी। घर की औरतों का हंस-हंस के बुरा हाल था। ऐसा मेरु की बहू के साथ पहली बार नहीं हुआ था। जब भी वह हमारे घर आती या मैं उनके घर जाती, हंसी-ठट्ठों का टॉनिक पीकर ही आती थी।*





कहानी

**संगीता बैनीवाल**

# मेरु की बहू

घर के बाहरी हिस्से में एक बैठक है। बैठक का घर के बाहरवाई हिस्से में होने का कारण भी मैं आज तुम्हें जरूर बताऊंगी। क्योंकि आजकल बैठक घर के अंदर होती हैं पर मैं जिस बैठक की बात कर रही हूं, वो उस जमाने की भी याद दिलाती है, जब बैठक घर के बाहर होती थी और केवल पुरुषों के बैठने के काम आती थी। उस जमाने में बैठक घर के बाहर ही होती थी बताना इसलिए भी जरूरी है कि बैठक के बाहर होने के पीछे गांव की एक खास सोच थी, जिसे हम साझी सोच भी कह सकते हैं।

दरअसल, वह हर घर में लागू होती थी। बैठक तो उसका आधुनिक नाम है। यह वह बैठक है जिसमें केवल पुरुष बैठा करते थे। इस बैठक में घर की औरतें नहीं बैठती थी केवल आदमी और लड़के बैठते थे। यदि कोई मेहमान आता था तो वह बैठक में ही बैठता था। परिवार की रजामंदी पर ही वह घर के भीतर दाखिल हो सकता था। हां, अगर किसी मेहमान के साथ कोई औरत या लड़की आई है तो वह घर के अंदर आंगन में चली जाती थी, बिना रोक-टोक के। अगर किसी गरीब के घर में बैठक नहीं है तो अपने आसपास जो भी, जिस भी भाई की बैठक होती थी, अपने मेहमान को वहां बैठा दिया करते थे। इसके लिए उसे बैठक के मालिक से इजाजत लेने की आवश्यकता भी नहीं होती थी, इतना अधिकार तो आपस में समझा जाता था। अब समझ में आई बाहरवाई बैठक। यानी घर के पुरुष और बाहर के पुरुष उनके लिए होती थी यह बैठक। क्योंकि घर की बहू-बेटियों पर किसी की बुरी नजर ना पड़े इसलिए उनके लिए आंगन कोठड़ा कोठड़ी सूपा, बिसाला, दुकड़िया ये सब कमरों के नाम है इनमें कहीं भी किसी भी जगह बैठने की छूट होती थी।

अधिकतर घरों में आंगन भी दो ही होते थे, एक बाहरवाई जिसमें ये बैठक और पशुओं के रहने की जगह और उनके चारे के लिए कमरे बने होते थे। दूसरा एक भीतर आंगन जिसमें बहू बेटियां अपनी सुविधा के अनुसार रहती थी। कोई भी बड़ा-छोटा पुरुष आवाज करके ही आंगन में आता था ताकि बहू-बेटी अपने आप को संभाल ले, अपने कपड़े- वस्त्र इत्यादि ठीक-ठाक कर ले। जिन बहू को घूंघट करना होता था, वह अपना घूंघट कर ले। सभी औरतें संभल जाती तब कोई बड़ी औरत उस पुरुष को आवाज देकर अंदर बुलाती थी। तब तक पुरुष बाहर खड़ा इंतजार करता था। जब तक अंदर से आवाज ना आए, पुरुष अंदर दाखिल नहीं होता था। किसी बुजुर्ग औरत के आवाज लगाने पर कि "भाई कौन है अंदर आ जाओ।" तब पुरुष अंदर दाखिल होता था। यह सब बिलकुल सहज सा ही लगता था। इतना औपचारिक भी नहीं लगता था कि उस जमाने में जो आज सुनने में लग रहा है। कुटुंब का भी बड़े ओहदे का पुरुष आंगन के दरवाजे के पास पहुंच कर पहले खांसने की आवाज करता, जिसे खंगारा करना कहते थे, या किसी बच्चे का नाम जानता हो तो उस बच्चे के नाम से आवाज लगाता। जैसे 'रामसिंह!' आवाज लगाने के बाद इंतजार करता, यदि भीतर से कोई बुलावा आया है, उसकी पहचान हो गयी, तभी कोई बड़ी औरत भीतर आने के लिए कहती थी। इसके पीछे कारण यह भी था कि उस समय संयुक्त परिवार होते थे और संयुक्त परिवार में मनुष्य भी ज्यादा होते थे। उन पुरुषों का कोई गलत सोच का यार-दोस्त भी हो सकता था। इसलिए हर एक के लिए भीतर वाले आंगन में एंट्री नहीं थी, लेकिन इस व्यवस्था का एक विपरीत पक्ष भी था। अब जब कुछ सीधा होता है तो बैलेंस करने के लिए कुछ उल्टा भी जरूरी है। उल्टी बात यह थी कि बहू बहन-बेटियां बैठक में नहीं आ सकती थी, उन्हें इजाजत नहीं थी। वो बैठक में एक-दो शर्तों पर ही एंट्री मार सकती थी। एक तो सुबह के समय झाड़ू लगाने के लिए, दूसरा जब बैठक में कोई पुरुष ना हो। दूसरी एंट्री दोपहर में कभी-कभी मिलती थी क्योंकि दोपहर में अधिकतर पुरुष खेतों में होते थे। जहां जाने पर रोक होती है, वहां जाने का उतना ही अधिक मन करता है।

हां, तो यह मेरे बचपन की वही बैठक है। आज मैं ससुराल से मायके में अपने घर आई हूं। इस समय शाम, गोधूलि वेला का वक्त है। सोचा कि बैठक में गेड़ा मार के आती हूं। यह गेड़ा आजकल वाले गेड़ा से अलग था। उस जमाने का गेड़ा भी बताऊंगी, कभी फुर्सत में। हां, तो मैं बैठक में आ गई हूं। पिता जी, चाचा-ताऊ, भाई उनकी अनुपस्थिति में भी उनके होने का अहसास लेने के लिए। मेरे साथ मेरी मां भी है। बैठक की दीवार पर पिताजी की फोटो टंगी हुई है। फोटो बहुत पुरानी है। बहुत पहले बनवाई हुई। इस फोटो में पिताजी जवान लगते हैं। 20-25 साल पुरानी तो जरूर होगी यह फोटो। इस फोटो पर नजर पड़ी और नजर पढ़ते ही मुझे फोटो से घूंघट सीन ताजा हो गया। सीन ताजा होते ही फिल्म की नायिका मेरु चौकीदार की पत्नी भुज्जी भी यादों में यूं आ टपक पड़ी, जैसे दुछत्ती से पुराने गुड़ का टोपा टपक जाता है। अब जब टपक पड़ी तो सोचा खैर-खबर भी ले ही लूँ।

'माँ !'

'हूँ' मां ने जवाब दिया।

'मेरु चौकीदार की बहू ठीक है?' मैंने पूछा।

'ओह! क्या बताऊं बेटी! वो तो होली के आसपास ही राम को प्यारी हो गई बेचारी।' मां का अफ़सोस भरा जवाब।

'अच्छा! ओह हो...! सच में? यूं कैसे?'

'हां बेटी...! उसको तो इतनी अच्छी तरह उठा के ले ग्या राम। सुबह की चाय पी के बैठी ही थी और बैठी-बैठी ही लुढ़क गई।'

मां उसकी यादों में पहुंच कर बोले जा रही थी।

'मेरु ने बहू-बेटों को आवाज़ लगाई। उन्होंने आकर देखा-संभाला, नब्ज देखी तो पता चला कि वह तो राम के घर पहुंच भी गई।'

मां के द्वारा बताने के लहजे में उसके जाने के दुख के साथ-साथ बिना तकलीफ ठीक-ठाक प्राण देने का सुकून ज्यादा झलक रहा था।

'मेरु की बहू भुज्जी कितनी सीधी थी ना।' अपने मन ही मन कहा मैंने। बचपन में उन्हें बुद्धू बनाकर घर की औरतों का जो मनोरंजन किया करती थी, उसके आगे तो आज की सारी कॉमेडी पानी भरती हैं। वो मेरे मजाक का बुरा भी नहीं मानती थीं। अब बड़ी होने पर समझ में आया कि अनेक बार तो वो जान-बूझकर मेरी बातों पर बुद्धू बनने का नाटक करती थी। हां, उसके साथ छेड़खानियों के बदले में मां की डांट-फटकार, सोटा, चिमटा, फूंकनी की मार तो सहन करनी पड़ती थी। मां कभी नहीं चाहती थी कि मैं उसका मजाक बनाऊं। हंसना तो दूर, उल्टा उनका बचाव ही करती थी। करें भी क्यों न, वह और मां हमउम्र थी। इकट्ठी ही शादी होकर आई थी दोनों। मेरु चौकीदार मां को काकी कहकर बुलाया करता था। भुज्जी भी मां को 'ए री बबीता की मां' कह कर बुलाया करती थी। मुझे 'ए री ननद' कह कर बोलती थी। वैसे तो हम सभी बहन-भाई उनके बच्चों के हम उम्र थे, मगर होली पर उसको पानी में भिगोने में वैसा ही आनंद लेते थे, जैसा मेरे चाचा लोग मेरी मां और ताई-चाचियों को पानी में भिगोते थे।

**बचपन में उन्हें बुद्धू बनाकर घर की औरतों का जो मनोरंजन किया करती थी, उसके आगे तो आज की सारी कॉमेडी पानी भरती हैं। वो मेरे मजाक का बुरा भी नहीं मानती थीं। अब बड़ी होने पर समझ में आया कि अनेक बार तो वो जान-बूझकर मेरी बातों पर बुद्धू बनने का नाटक करती थी। हां, उसके साथ छेड़खानियों के बदले में मां की डांट-फटकार, सोटा, चिमटा, फूंकनी की मार तो सहन करनी पड़ती थी। मां कभी नहीं चाहती थी कि मैं उसका मजाक बनाऊं। हंसना तो दूर, उल्टा उनका बचाव ही करती थी। करें भी क्यों न, वह और मां हमउम्र थी। इकट्ठी ही शादी होकर आई थी दोनों। मेरु चौकीदार मां को काकी कहकर बुलाया करता था। भुज्जी भी मां को 'ए री बबीता की मां' कह कर बुलाया करती थी। मुझे 'ए री ननद' कह कर बोलती थी।**

एक बार की बात है, हम घर की सभी महिलाएं दोपहर में बैठक में लगे नए बिजली के पंखे की हवा ले रहीं थी। पंखा नया लगवाया था। सबसे पहले बैठक में ही लगा था। घर में अंदर अभी नहीं लगा था। उस समय पुरुष कोई था नहीं। सभी औरतें अपना काम निपटा कर बैठक में पंखे की हवा का आनंद ले रही थीं। उसी समय मेरु की बहू का आना हुआ। मैडम भुजी ने ये चमत्कार पहली बार देखा था। चलते हुए पंखे की गोल आकृति देख हैरतअंगेज थी कि ये गोल-गोल चीज अपने आप कैसे चल रही है, इसमें हवा कहां से आ रही है। मैं भी जादूगर सम्राट शंकर की फीलिंग लेकर पंखे का स्विच कभी ऑफ करती और कभी ऑन करती हुई भुज्जी की तरफ देख रही थी। उसके चेहरे पर आए अचंभित भावों को देखकर खुश हो रही थी। उसे समझाने की भी कोशिश कर रही थी कि यह चीज गोल नहीं है, स्विच ऑफ करके दिखाना चाह रही थी। इस पर वह और ज्यादा अचंभित हो गई, कहने लगी कि फिर यह गोल कैसे दिख रही थी। मेरे पिताजी साहूकार के घर पंखा झलने के लिए जाया करते थे। उस पंखे की तो लंबी झालर होती थी।

अब मैं मेरु की बहू की अचंभित बातों से बोर सी भी होने लगी थी। पंखे से नजर हटते ही मेरु की बहू की नजर पिताजी की फोटो पर पड़ी और नजर पड़ते ही वह सकपका गई। बस फिर क्या था। मुझे सुनहरी मौका मिल गया था, उसे सताने के लिए। मैंने झट सवाल किया।

'मेरु की बहू।'

'हाँ री ननद।' भुजी ने मेरी तरफ देखकर कहा।

'तुम अपने चाचा ससुर की फोटो के आगे बिना घुंघट के.....?'

मैंने बनावटी गुस्सा दिखाते हुए अपनी बात चालू रखी। 'आने दे शाम को पिताजी को.....। जरूर बताऊंगी। जरूर बताऊंगी कि तुम्हारी चौकीदारनी तो शहर की मेम बन गई है, घूंघट करना अब इसके बस का नहीं है।'

इतना सुनते ही मेरु की बहू ने झट घूंघट कर लिया पिताजी की फोटो से। और मुझसे मिन्नत करने लगी 'री ननद, हाथ जोड़ विनती करूं हूं। देखोए ये बात नंबरदार जी को नहीं बताना। मेरा भरी पंचायत में मजाक बन जाएगा और चौकीदार तो हर रोज मुझे ताने देगा, सो अलग। मैंने तो नंबरदार जी की फोटो देखी ही नहीं थी, अगर देखी होती तो क्या मैं ऐसा काम करती। री, नंद अबकी बार बचा ले।'

वह मुझे मनाने के लिए, पकड़ने के लिए मेरे पीछे-पीछे दौड़-भाग करती रही और मैं झूठमूठ की नाराज़गी का नाटक करते हुए पीछे की तरफ हटे जा रही थी। घर की औरतों का हंस-हंस के बुरा हाल था। ऐसा मेरु की बहू के साथ पहली बार नहीं हुआ था। जब भी वह हमारे घर आती या मैं उनके घर जाती, हंसी-ठट्ठों का टॉनिक पीकर ही आती थी।

आज बैठक में खड़ी, मेरे अंदर यादों के ये सब चलचित्र बारी-बारी से आते गए और जाते गए आंसुओं से धुंधला भी रहे थे। गला भर आया। अब मुझे कुछ दिखाई नहीं दिया बैठक में। आंखों से पानी बह रहा था, गला भर गया था। अकेली मेरु की बहू खड़ी थी मेरे सामने। मैं बस इतना ही कह पाई।

'कुछ साल तो और रुक जाती मेरु की बहू...! बैरन....! इतनी क्यों जल्दी मचाई जाने की?

---

गीत | प्रीति पाठक 'प्रीति'



## शिव आराधना

देवों के हैं देव महादेव शिव शंकर
नाम है अनेक जिसमें इक है गंगाधर
शिव अनुकम्पा से जीवन होगा बेहतर
कर लें शिव आराधना हम सारे मिलकर।

शिव औघड़, आशुतोष, गृहस्थ, महायोगी
त्यागी और तपस्वी हैं हमारे शिव वियोगी
शिव महिमा को बिल्कुल न समझो तुम कमतर
कर लें शिव आराधना हम सारे मिलकर।

शिव ज्ञान के वेद रामायण के प्रणेता
मानव के आदर्श शिव हैं रक्षक देवता
भक्तजनों की वेदना लेते शिव हैं हर
कर लें शिव आराधना हम सारे मिलकर।

शिव संगीत के स्वर हैं शिव स्मृति उत्सव
शिव गौरव हैं प्रेम के दुष्टों के भैरव
शिव आराधना से मिले मोक्ष का अवसर
कर लें शिव आराधना हम सारे मिलकर।

कविता | सपना



## एक पल

एक पल जो सिर्फ मेरा हो।
एक पल जिसमें ख़ुद से मिलना हो ।।
एक पल जिसमें जिम्मेदारी न हो किसी रिश्ते की।
एक पल जिसमें जवाबदेही न हो आठों पहर की ।।
एक पल जिसमें मेरे होने का एहसास हो।
एक पल जिसमें शब्दों की जरूरत न हो ।।
एक पल जो एक कप चाय में शक्कर की तरह घुल जाए।
एक पाल जो पूरे दिन का आधार बन जाए ।।
एक पल जिसमें दिन भर की थकान बातों से पिघल जाए।
एक पल जिसमें बिन सवाल हर जवाब मिल जाए ।।
एक पल जिसमें हँसते हुए डर न लगे।
एक पल जिसमें जीवन संघर्ष न लगे।।
एक पल..
सि र्फ एक पल ..जो सिर्फ मेरा हो ।।

कविता | मनीषा मंजरी



## प्रदर्शन का युग

प्रदर्शित पीड़ा हीं अब समझ आएगी,
निःशब्द चीखें ना किसी को लुभाएगी।

युग प्रदर्शन का, विचित्रता का पर्याय बना,
अश्लीलता, इस सभ्यता की पहचान चुराएगी।

दयनीयता अब आँखों को कहाँ रुलायेगी,
पथ की हर ठोकर, मनोरंजन का विषय कहलाएगी।

निजता - शालीनता, अदृश्यता की सार्थकता को पाएगी,
आडम्बर, मूर्छित व्यक्तित्व की चिताएं सजायेगी।

परनिंदा, दिनचर्या का हिस्सा बन जायेगी,
निर्णयात्मकता की कटार, बस स्वयं को बचाएगी।

हर क्षण की कहानियां, परदों पर छाएगी,
सहायता को बढ़ेंगे हाथ नहीं, बस टिप्पणियां लिखी जाएंगी।

इस संवेदनशून्यता की नींद, क्या कभी खुल पाएगी,
या मृत अस्तित्व के बाजार में, हर चेतना लूटी जायेगी।

---

*भतेरी, जो बचपन से साइकिल और फिर सुमेर को देखते-देखते ऑटो की तकनीक समझ चुकी थी, उसने हिम्मत जुटाई। उस रात सुनसान सड़क पर जब उसने ऑटो चलाया, तो उसे लगा जैसे उसके पंख निकल आए हों। उसका आत्मविश्वास सातवें आसमान पर था।*





लघु कथा

**डा. मधुकांत**

# एक नई उड़ान

हरियाणा के एक छोटे से कस्बे में सूरज की पहली किरण अभी खिड़की से अंदर आई ही थी कि भतेरी के घर में चहल-पहल शुरू हो गई। सुमेर प्रतिदिन की भांति अपने पुराने ऑटो के पास पहुँचा। जैसे ही उसने ऑटो स्टार्ट करने के लिए हैंडल खींचा, भतेरी रसोई से ताज़ा बनी रोटियों का लंच बॉक्स लेकर दौड़ती हुई आई। उसने इठलाते हुए और चेहरे पर एक प्यारी सी मुस्कान के साथ सुमेर को डब्बा पकड़ाया। 'आज शाम को ज़रा घर जल्दी आ जाना,' उसने धीमे से कहा। सुमेर ने माथे पर बल देते हुए पूछा, 'क्यों भाई? आज क्या खास बात है? क्या फिर से कोई पड़ोस की पंचायत है?'

भतेरी ने बनावटी गुस्से में अपना हाथ कमर पर रखा और बोली, 'आपको तो कुछ याद रहता नहीं! आज हमारी शादी की पहली सालगिरह है। पिछले साल इसी दिन मैं इस घर में आई थी।' सुमेर का चेहरा थोड़ा उतर गया। वह दिल का बुरा नहीं था, लेकिन उसे शाम को दोस्तों के साथ बैठकर शराब पीने की लत थी। उसने ईमानदारी से कहा, 'देखो भतेरी, जल्दी आ गया तो घर में क्लेश ही होगा। तुम्हें मेरा पीना पसंद नहीं और मैं अभी इसे छोड़ नहीं सकता। फिर सालगिरह का मज़ा तो किरकिरा हो जाएगा ना?'

भतेरी ने एक गहरी साँस ली। वह सुमेर को बदलना चाहती थी, पर लड़कर नहीं, बल्कि प्यार से। उसने सुझाव दिया, 'आप आज बाहर मत रुकना। आप घर पर बैठकर ही अपना खाना-पीना करना। कम से कम मुझे आपकी सुरक्षा की चिंता तो नहीं रहेगी। सड़क पर नशे में ऑटो चलाना ठीक नहीं है।'

सुमेर की आँखें चमक उठीं। उसे लगा जैसे उसे अपनी पसंद की चीज़ के लिए लाइसेंस मिल गया हो। वह खिलखिलाकर बोला, 'अरे वाह मेरी धन्नो! आज तो मज़ा आ गया। तू तो बड़ी समझदार निकली।' सुमेर जब भी भतेरी से बहुत खुश होता या जिस दिन उसकी अच्छी कमाई होती, वह उसे प्यार से 'धन्नो' पुकारता था। भतेरी का नाम उसकी दादी ने रखा था। वह अपने माता-पिता की तीसरी बेटी थी। दादी को पोते की प्रबल चाहत थी, इसलिए जब तीसरी बार भी लड़की हुई, तो उन्होंने खीझकर उसका नाम 'भतेरी' रख दिया, जिसका अर्थ था—'अब बहुत हुई, और नहीं चाहिए।' बाद में जब घर में छोटा भाई पैदा हुआ, तो तीनों बहनों का जीवन जैसे सहायक जैसा हो गया। भतेरी ने पढ़ाई तो की, लेकिन उसका अधिकांश समय भाई के डायपर बदलने और उसे खिलाने में बीतता। स्कूल के दिनों में वह साइकिल चलाने में बहुत माहिर थी; वह लड़कों को भी पीछे छोड़ देती थी। लेकिन समाज की बेड़ियों ने उसे रसोई तक सीमित कर दिया। शादी के बाद जब वह सुमेर के घर आई, तो उसने देखा कि सुमेर के पास कमाई का साधन सिर्फ एक पुराना ऑटो है। एक रात सुमेर भारी नशे में था। उसे सवारियाँ छोड़नी थी, लेकिन उसकी आँखें मुंद रही थीं। उसने मज़ाक-मज़ाक में भतेरी को स्टेयरिंग पर बैठने को कहा।

भतेरी, जो बचपन से साइकिल और फिर सुमेर को देखते-देखते ऑटो की तकनीक समझ चुकी थी, उसने हिम्मत जुटाई। उस रात सुनसान सड़क पर जब उसने ऑटो चलाया, तो उसे लगा जैसे उसके पंख निकल आए हों। उसका आत्मविश्वास सातवें आसमान पर था।

एक दोपहर सुमेर को तेज़ बुखार था। तभी पड़ोस के घर से चीखने की आवाज़ें आईं। पड़ोस की महिला को प्रसव पीड़ा हो रही थी और कोई वाहन उपलब्ध नहीं था। एम्बुलेंस आने में वक्त था। भतेरी ने बिना देर किए सुमेर के ऑटो की चाबी उठाई और उन सबको अस्पताल पहुँचाया। उस दिन कस्बे के लोगों ने उसे एक नया नाम दिया-'गुलाबो'। उसकी फुर्ती और मददगार स्वभाव ने सबका दिल जीत लिया। धीरे-धीरे गुलाबो ने तय किया कि वह घर बैठने के बजाय सुमेर का हाथ बँटाएगी। उसने अकेले ऑटो लेकर निकलना शुरू कर दिया। पहले ही दिन जब वह शाम को घर लौटी, तो उसके पल्ले में 500 रुपये बँधे थे। सुमेर हैरान था। गुलाबो की यह पहली स्वतंत्र कमाई थी। एक महिला को ऑटो चलाते देखना शहर के लिए नई बात थी। स्थानीय पत्रकारों ने गुलाबो के संघर्ष और उसकी हिम्मत की कहानी फोटो के साथ अखबार में छाप दी। शीर्षक था- 'सपनों को मिला गियरः शहर की पहली महिला ऑटो चालक।' यह खबर 'स्त्री शक्ति संगठन' तक पहुँची। संगठन की अध्यक्ष ने गुलाबो से मुलाकात की और उसकी आर्थिक स्थिति को समझा। उन्होंने बैंक से बात करके बहुत ही कम ब्याज दर पर गुलाबो को एक नया ऑटो दिलाने में मदद की। संयोग से, वह ऑटो कंपनी महिलाओं के लिए विशेष रूप से गुलाबी रंग के ऑटो बना रही थी, जिनमें सुरक्षा के लिए जीपीएस और पैनिक बटन भी थे। जब गुलाबी ऑटो शहर की सड़कों पर उतरा, तो वह आकर्षण का केंद्र बन गया। महिला यात्री, कॉलेज जाने वाली लड़कियाँ और बुजुर्ग महिलाएँ अब गुलाबो के ऑटो का इंतज़ार करने लगीं क्योंकि वे उसमें खुद को सुरक्षित महसूस करती थीं।

गुलाबो की सफलता देखकर कस्बे की अन्य पाँच महिलाएँ भी उसके पास आईं। वे भी आत्मनिर्भर बनना चाहती थीं। गुलाबो ने उन्हें न केवल ऑटो चलाना सिखाया, बल्कि उन्हें बैंक से लोन दिलाने में भी मदद की। अब शहर में 'गुलाबी ऑटो' की एक पूरी फौज थी। सुमेर अब अपने पुराने ऑटो से काम करता था और गुलाबो अपने नए गुलाबी ऑटो से। दोनों की संयुक्त आय से घर की आर्थिक स्थिति सुधर गई। फूस के छप्पर की जगह पक्का कमरा बन गया। सबसे बड़ा बदलाव सुमेर में आया। अपनी पत्नी की मेहनत और समाज में उसकी इज़्ज़त देखकर सुमेर का सिर गर्व से ऊँचा हो गया। उसे अहसास हुआ कि जिस शराब के पीछे वह अपनी कमाई लुटाता था, वह उनके सुखद भविष्य में बाधा है। अब वह शाम को बाहर नहीं रुकता था। वह घर आकर गुलाबो के साथ बैठकर दिनभर की बातें करता। गुलाबो ने उसे पूरी तरह शराब छोड़ने के लिए मजबूर नहीं किया, बल्कि प्यार से उसे 'सीमित' कर दिया। वह कहती, 'आज ज्यादा थक गए हो, तो बस थोड़ी सी घर पर ही ले लो।'

धीरे-धीरे सुमेर को अहसास हुआ कि उसे शराब से ज्यादा खुशी अपनी पत्नी के साथ हँसने-बोलने में मिलती है। भतेरी, जिसका नाम 'बहुत हुई' के नकारात्मक भाव से रखा गया था, आज पूरे शहर के लिए 'मिसाल' बन चुकी थी। उसने साबित कर दिया कि एक महिला अगर ठान ले, तो वह न केवल अपना भाग्य बदल सकती है, बल्कि अपने जीवनसाथी को भी सही राह पर ला सकती है। आज जब भी कोई गुलाबी ऑटो सड़क से गुज़रता है, तो वह केवल एक वाहन नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण की दौड़ती-भागती गौरव गाथा नज़र आता है।

---

# स्वतंत्रता संग्राम की गुमनाम वीरांगना : नीरा आर्य




पुस्तक : नीरा आर्य : अद्भुत वीरांगना
लेखक : प्रोफेसर एम एम जुनेजा
मूल्य : 200 रुपये
प्रकाशक : मॉडर्न पब्लिशर, जीरकपुर



पुस्तक समीक्षा | **डॉ. विजेंद्र कुमार**

भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में अनेक गुमनाम नायकों के अद्भुत शौर्य व बलिदान की अनेक कहानियां अभी भी आलोक की प्रतीक्षा कर रही हैं। जो समाज अपने इतिहास को याद नहीं रखता, वह धीरे-धीरे समाप्त हो जाता है। प्रोफेसर एम.एम. जुनेजा एक ऐसी मशाल हैं जो भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम अनमोल रत्नों को आलोकित करने के लिए निरंतर प्रज्वलमान हैं। स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों के प्रति उनके हृदय में जो सम्मान है वह उनकी लेखनी से अवतरित होता है। वे अब तक 3 दर्जन ऐतिहासिक शोध ग्रंथ समाज को विशेषकर युवा पीढ़ी को समर्पित कर चुके हैं। इन शोधग्रंथों में से 24 कृतियां स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों को समर्पित हैं। डॉ. जुनेजा द्वारा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की एक और गुमनाम वीरांगना नीरा आर्य पर यह पुस्तक उन्होंने अंडमान निकोबार के आदिवासियों को समर्पित की है। यह पुस्तक उत्तरप्रदेश के खेकड़ा गांव में एक किसान परिवार में जन्मी नीरा आर्य के स्वतंत्रता संग्राम में अद्भुत योगदान पर केंद्रित है। विद्वान लेखक ने बड़े शोध-पूर्ण ढंग से प्रतिपादित किया है कि मात्र 9 वर्ष की आयु में अनाथ हुई नीरा ने किस तरह आज़ाद हिंद फौज के माध्यम से अंग्रेजों से संघर्ष में अपना जीवन समर्पित कर दिया। तत्कालीन सामाजिक व्यवस्था को रेखांकित करते हुए लेखक ने बताया कि नीरा के माता-पिता की बीमारी के दौरान गांव के साहूकार से कर्ज लेने तथा उनके माता-पिता के निधन के बाद किस तरह साहूकार द्वारा कर्ज के बदले उनकी पैतृक संपत्ति कुर्क करके उसके घर पर भी कब्जा कर लिया गया। मात्र 8-9 वर्ष की आयु में वह अबोध बालिका व उसका भाई अनाथ होकर सड़क पर आ गये थे। उस समय के दानवीर व समाजसेवी सेठ छाजूराम ने नीरा व उसके भाई को गोद ले लिया। आजादी के संघर्ष के महान नायकों पर लिखी पुस्तकों की भांति डॉक्टर जुनेजा की यह पुस्तक भी युवा पीढ़ी के लिए विशेष रूप से प्रेरणादाई है। एक और गुमनाम वीरांगना की शौर्य गाथा को प्रस्तुत करने के लिए डॉक्टर जुनेजा आभारी हैं। डॉक्टर जुनेजा की अन्य पुस्तकों की तरह ही यह पुस्तक भी संग्रहणीय है।

**खबर संक्षेप**

### तीन युवक 17.41 ग्राम हेरोइन सहित काबू

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा की अलग-अलग पुलिस टीमों ने गश्त व चैकिंग के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को हजारों रुपए की 17 ग्राम 141 मिलीग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी ने बताया कि नारकोटिक्स सेल की एक पुलिस टीम ने एमसी कॉलोनी सिरसा क्षेत्र से आरोपी प्रथम पुत्र दीपक निवासी डीसी कॉलोनी सिरसा को 7 ग्राम 86 मिलीग्राम में हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि सेल सिरसा की एक अन्य पुलिस टीम ने गश्त के दौरान शहर के माल गोदाम रोड सिरसा की ओर जा रही थी। इसी दौरान कार्रवाई की गई।

### पुलिस ने नाकाबंदी कर 406 वाहन जांचे

**हांसी।** पुलिस ने शनिवार को जिले में सीलिंग प्लान के तहत अपराधियों व शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखते हुए विशेष चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी कर कुल 406 वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान मोटर वाहन अधिनियमों की उल्लंघना करने वाले 104 वाहनों के चालान किए गए। चैकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने मोठ रोड़ पर जांच के दौरान मोटरसाइकिल पर पीछे बैठी एक महिला के कब्जे से 48 बोतल देसी शराब बरामद की गई। पूछताछ करने पर मोटरसाइकिल चालक की पहचान धर्म खेड़ी निवासी मोहित के रूप में हुई।

### लुवास में कौशल विकास प्रशिक्षण का समापन

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन विभाग की ओर से अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत पशुपालकों के लिए डेयरी फार्मिंग पर कौशल विकास के लिए आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण रविवार को सम्पन्न हो गया। समारोह में मानव संसाधन प्रबंधन निदेशिका डॉ. सोनिया सिंधु मुख्य अतिथि रहीं तथा पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. मनोज रोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।मुख्य अतिथि डॉ. सोनिया सिंधु ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय के लिए यह गर्व और प्रसन्नता की बात है कि दूर-दूर से पशुपालक प्रशिक्षण लेने यहां पहुंचे हैं।

### रंगीला 55वां श्री श्याम विशाल महोत्सव 15 को

**हिसार।** श्री श्याम जनता मंडल के तत्वावधान में रंगीला 55वां वार्षिक श्री श्याम विशाल महोत्सव 15 फरवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। हिसार के ऋषि नगर में धोबी घाट के पास स्थापित मनोकामनापूर्ण श्री श्याम मंदिर में आयोजित होने वाले श्री श्याम विशाल महोत्सव में प्रसिद्ध भजन गायक श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। श्री श्याम जनता मंडल के प्रधान सचिन गर्ग ने बताया कि श्री श्याम महोत्सव 15 फरवरी को सायं 4 बजे शुरू होगा। इस दौरान श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को तेजोमयी शीश के दर्शन करने का भी अवसर मिलेगा।

## भाजपा ने जिला स्तरीय किसान श्रमिक सम्मेलन किया आयोजित

# बजट ग्रामीण भारत के उत्थान को पूरी तरह समर्पित : बराला

**मुख्यातिथि के रूप में सुभाष बराला ने शिरकत की**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** जिला स्तरीय किसान श्रमिक सम्मेलन में मौजूद भाजपा नेता।

बीजेपी जिला कार्यालय में रविवार को जिला स्तरीय किसान-श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्यातिथि के रूप में सुभाष बराला ने शिरकत की व अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने की। इस अवसर पर पूर्व विधायक दुड़ाराम, जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य, चेयरमैन वेद फुलां, भारत भूषण मिढ्ढा, भीम लाम्बा, ज्ञानीराम नायक व विद्यानसागर बाघला मौजूद रहे। सम्मेलन में जिलेभर से काफी संख्या में किसान व खेत-मजदूरों ने भाग लिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पूरी तरह से किसान, खेत मजदूर और ग्रामीण भारत के उत्थान को समर्पित है। यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने, खेती को लाभकारी बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का ठोस रोडमैप है। बराला ने कहा कि बजट में कृषि क्षेत्र के लिए रिकॉर्ड निवेश किया गया है, जिससे सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, आधुनिक कृषि उपकरणों की उपलब्धता और फसल उत्पादन में बढ़ोतरी संभव होगी। किसानों को सस्ती दरों पर ऋण उपलब्ध कराने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड योजना को और प्रभावी बनाया गया है, जिससे छोटे और सीमांत किसानों को भी सीधा लाभ मिलेगा। न्यूनतम समर्थन मूल्य की व्यवस्था को और मजबूत किया गया है, ताकि किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य मिल सके और उन्हें बिचौलियों के चंगुल से मुक्ति मिले। सरकार ने फसल भंडारण के लिए गोदामों, कोल्ड स्टोरेज और कृषि अवसंरचना को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है, जिससे किसानों को अपनी उपज औने-पौने दामों पर बेचने के लिए मजबूर न होना पड़े।

**सरकार किसानों की उत्पादन लागत को कम करने की दिशा में काम कर रही**

राज्यसभा सांसद ने कहा कि पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन को आय के वैकल्पिक स्रोत के रूप में विकसित करने के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए गए हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और खेत मजदूरों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। बराला ने कहा कि प्राकृतिक खेती, जैविक खेती और आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देकर सरकार किसानों की उत्पादन लागत को कम करने की दिशा में काम कर रही है। ड्रोन तकनीक, डिजिटल प्लेटफॉर्म और ई-नाम जैसी योजनाओं के माध्यम से किसानों को सीधे बाजार से जोड़ा जा रहा है। जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने कहा कि आम बजट में की गई घोषणाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाई जाएगी, ताकि किसान जनहितैषी सरकार के प्रयासों को समझ सकें। सम्मेलन में इंद्र गावड़ी, सविता टुटेजा, प्रमोद बैनीवाल, अशोक जाखड़, कंवल चौधरी, विकास शर्मा, जसवंत जाखड़, राधाकृष्ण नारंग, लख्मी शर्मा, बिट्टू गुज्जर, लायक राम गढ़वाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शहर में चलाया सघन तलाशी अभियान

## डॉग स्क्वॉड व कमांडो टीम के साथ पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियां जांची

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

जिले में नशीले पदार्थों की रोकथाम को लेकर थाना सदर फतेहाबाद क्षेत्र में डॉग स्क्वॉड, कमांडो टीम एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सघन तलाशी अभियान चलाया गया। यह अभियान थाना सदर फतेहाबाद के अंतर्गत विभिन्न संवेदनशील स्थानों, सार्वजनिक स्थलों, बस अड्डों, लिंक सडक्रों, गांवों के बाहरी इलाकों तथा संदिग्ध गतिविधियों वाले क्षेत्रों में चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य नशा तस्करों की धरपकड़, नशीले पदार्थों की आपूर्ति पर अंकुश लगाना तथा आमजन में पुलिस की सक्रिय उपस्थिति सुनिश्चित करना रहा। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि अभियान के दौरान डॉग स्क्वॉड की सहायता से संदिग्ध स्थानों की गहनता से जांच की गई। कमांडो टीम द्वारा क्षेत्र में पैदल गश्त कर प्रत्येक आने-जाने वाले व्यक्ति पर पैनी नजर रखी गई। पुलिस टीमों ने राहगीरों, वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की गहन तलाशी ली तथा आवश्यक पूछताछ भी की गई। अभियान के दौरान आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया तथा युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की गई। ग्रामीणों एवं स्थानीय नागरिकों से भी सहयोग लेते हुए पुलिस ने उन्हें किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया। फतेहाबाद पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में नशा तस्करी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


तलाशी अभियान चलाते पुलिस टीम।

### एयरलाइन स्पोर्ट्स एंड डिफेंस एकेडमी शुरू

**भट्टूकलां।** क्षेत्र के युवाओं को नशे की दलदल से बचाकर खेल और अनुशासन की मुख्यधारा से जोडऩे के लिए रविवार को आदर्श नगर में एयरलाइन स्पोर्ट्स एंड डिफेंस एकेडमी का विधिवत शुभारंभ किया गया। खेल केंद्र का उद्घाटन एकेडमी की प्रधान सुमन चिंदड द्वारा पवित्र हवन-यज्ञ में पूर्ण आहुति डालकर किया गया। सुमन चिंदड ने कहा कि एकेडमी का प्राथमिक उद्देश्य खिलाड़ियों को एक ऐसा पेशेवर मंच प्रदान करना है, जहां से वे न केवल अपनी सेहत सुधार सकें, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना करियर भी बना सकें। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंची ड्रोन दीदी विमला सिमर ने महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया।

# चोरी मामले में युवक काबू, ज्वेलरी बरामद

## इंदिरा कॉलोनी में दिया चोरी को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टोहाना

चोरी के एक मामले में टोहाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई गोल्ड ज्वेलरी भी बरामद की है। थाना शहर टोहाना पुलिस द्वारा काबू किए गए आरोपी की पहचान राहुल उर्फ बच्ची पुत्र देशराज निवासी राज नगर, टोहाना के रूप में हुई है। आरोपी से चोरी से संबंधित सोने के आभूषण बरामद किए गए हैं। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि यह मामला शिकायतकर्ता हरबंस सिंह पुत्र दयाराम निवासी इंदिरा कॉलोनी, टोहाना की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि 30-31 जनवरी की रात वह अपने परिवार सहित रिश्तेदारी में गया हुआ था और घर पर ताला लगा हुआ था। अगले दिन सुबह घर लौटने पर देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ था तथा घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। शिकायतकर्ता द्वारा जांच करने पर बक्से से सोने-चांदी के जेवरात, तथा लगभग एक लाख रुपये नकद चोरी पाए गए।

# क्रेडिट कार्ड फ्रॉडः कोलकाता से पकड़े गए युवक को जेल भेजा

**मामले में तीन आरोपी पहले से हो चुके काबू**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

क्रेडिट कार्ड फ्रॉड मामले में पश्चिम बंगाल के कोलकाता से पकड़े गए युवक को थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस ने यहां लेकर पहुंची। आरोपी युवक को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इस मामले में तीन आरोपी पहले ही काबू किए जा चुके हैं। थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक राहुल ने बताया कि पुलिस द्वारा काबू किए गए आरोपी की पहचान गौतम बसु मलिक निवासी 24 परगना नॉर्थ, कोलकाता, पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि यह मामला जोगिंद्र कुमार निवासी शिव नगर, फतेहाबाद की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि नौ दिसंबर 2024 को उसके मोबाइल फोन पर एक लिंक आया। अज्ञात लिंक पर क्लिक करते ही एक एपीके फाइल उसके मोबाइल में डाउनलोड हो गई, जिसके बाद उसके एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड से 75 हजार 900 रुपये निकाल लिए गए। इस संबंध में उसने पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई थी। इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने 22 अप्रैल 2025 को केस दर्ज किया और अब तक इस मामले में चार युवकों को गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना प्रभारी के अनुसार मामले की जांच जारी है तथा अन्य संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका भी खंगाली जा रही है।


**फतेहाबाद।** धोखाधड़ी मामले में कोलकाता से पकड़ा गया युवक।

# शिक्षकों को नवीन शिक्षण दृष्टिकोण किया प्रदान

## सेंट जोसफ स्कूल में एक दिवसीय सीबीएसई वर्कशॉप का आयोजन

- व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से विषयवस्तु को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टोहाना


**टोहाना।** सेंट जोसफ स्कूल में आयोजित वर्कशॉप में भाग लेते शिक्षक।

भूना रोड स्थित सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई द्वारा आयोजित कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम द हैप्पी क्लासरूम का सफल आयोजन किया गया। इस एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को ऐसे नवीन विचार, रणनीतियां और शिक्षण दृष्टिकोण प्रदान करना था, जिनसे कक्षा-कक्ष में विद्यार्थियों की खुशी, सहभागिता तथा समग्र विकास को बढ़ावा मिल सके, साथ ही शिक्षकों की सकारात्मक सोच और कार्य-संतुलन को भी सुदृढ़ किया जा सके। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन अजय कुमार एवं कुलबीर सिंह ने सहभागियों को छात्र-केंद्रित शिक्षण, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, सकारात्मक कक्षा वातावरण तथा प्रभावी संप्रेषण से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया। सेमिनार के दौरान गतिविधि-आधारित शिक्षण और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से विषयवस्तु को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया। प्रधानाचार्या मारियालीन लुईस एवं उप-प्रधानाचार्या कुलदीप कौर ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे शिक्षकों के व्यावसायिक विकास एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

# फर्जी लोन एप से राशि हड़पने का आरोपी काबू

- लोन दिलाने का झांसा देकर दस्तावेज और मोबाइल सिम का दुरुपयोग किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने के एक मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान करण पुत्र चरणजीत सिंह निवासी आलूपुर, जिला मानसा, पंजाब के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि यह मामला धर्मपाल पुत्र जगदीश निवासी गांव धारनियां की शिकायत पर दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसे आधार कार्ड व पैन कार्ड पर लोन दिलाने का झांसा देकर उसके दस्तावेज और मोबाइल सिम का दुरुपयोग किया गया।


**फतेहाबाद।** धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार युवक। *फोटो : हरिभूमि*

**यह है मामला**

शिकायतकर्ता ने बताया कि जाट धर्मशाला फतेहाबाद में आरोपी से मुलाकात करवाई गई, जिसने सिम कार्ड अपने मोबाइल में डालकर लोन प्रक्रिया का भरोसा दिलाया। बाद में बैंक खाते की जांच करने पर पता चला कि 30 सितंबर 2025 को 45 हजार 200 रुपये खाते में जमा हुए और एक अक्टूबर को वही राशि आरोपी के खाते में ट्रांसफर कर ली गई। इस संबंध में थाना सदर फतेहाबाद में 9 दिसंबर को केस दर्ज किया गया था। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

# श्री गीता मंदिर में श्री महाशिवपुराण कथा ज्ञान यज्ञ 17 से 21 फरवरी तक

- पांच दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम स्वामी दिव्यानंद करेंगे प्रवचन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

माडल टाऊन स्थित श्री गीता भवन के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जो कि 17 फरवरी से शुरू होकर 21 फरवरी तक चलेगा। यह जानकारी देते हुए श्रद्धालु उमंग सरदाना ने बताया कि मंदिर के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में 17 फरवरी से डॉ. स्वामी दिव्यानंद महाराज भिक्षु के नेतृत्व में श्री महाशिवपुराण ज्ञान यज्ञ के अलावा नेत्र चिकित्सा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 17 फरवरी मंगलवार को प्रातः नौ बजे से 11 बजे तक कलश स्थापना, श्री महाप्रभु युगल पादुका पूजन, ध्वजारोहण एवं शिव जलाभिषेक व श्री हनुमत पूजन किया जाएगा। इसके बाद 10 बजे ध्वजारोहण महोत्सव मनाया गया। इसके बाद सायं 3 बजे से साढ़े 6 बजे तक महाशिवपुराण माहात्म्य कथा का शुभारंभ होगा एवं अरुणेश्वर महादेव प्राकट्य महोत्सव मनाया जाएगा।

**नेत्र जागरूकता शिविर 20 को**

कार्यक्रम के दौरान 20 फरवरी शुक्रवार को प्रातः 10 बजे निशुल्क स्क्रीनिंग चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। सायं 6 बजे मंथन आई हैल्थकेयर फाऊंडेशन के सौजन्य से नेत्र चिकित्सा एवम जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. विनोद शर्मा अपनी सेवाएं देंगे। इसमें वे निकट दृष्टि रोग, काला मोतिया तथा डायबिटिक रैटिनोपैथी पर विशेष उद्बोधन व संवाद प्रस्तुत करेंगे।

# बाहर जाने से पहले पुलिस को दें सूचना

- अपराध पर अंकुश लगाने और आमजन की सुरक्षा के लिए एसपी ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

प्रदेश में बढ़ती चोरी व नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने नागरिकों के लिए सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है। एसपी का कहना है कि शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में यह देखने में आ रहा है कि जब परिवार किसी कारणवश घर से बाहर चले जाते हैं और घर अथवा दुकानें लंबे समय तक बंद रहती हैं, तो असामाजिक तत्व ऐसे स्थानों को निशाना बनाकर चोरी व सेंधमारी की वारदातों को अंजाम देते हैं।

**पुलिस-जनता के बीच आसपी सहयोग जरूरी**


एसपी सिद्धांत जैन।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस और जनता के बीच आपसी सहयोग बेहद जरूरी है। यदि आमजन सतर्क रहें और समय रहते पुलिस को सूचना दें, तो अधिकांश वारदातों को पहले ही रोका जा सकता है। एसपी ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि जब भी वे अपने घर या दुकान को बंद कर किसी कारणवश बाहर जाने की योजना बनाएं—चाहे वह कुछ घंटों के लिए हो, एक दिन या कई दिनों के लिए—तो इसकी सूचना अपने नजदीकी पुलिस थाना अथवा डायल 112 पर अवश्य दें। सूचना देते समय यह भी बताएं कि वे कब से कब तक बाहर रहेंगे तथा घर या दुकान का पूरा पता क्या है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की पूर्व सूचना मिलने से पुलिस को संबंधित क्षेत्र में अतिरिक्त सतर्कता बरतने में मदद मिलती है। रात्रिकालीन गश्त, बीट पुलिसिंग और आकस्मिक निरीक्षण के दौरान पुलिसकर्मी ऐसे बंद घरों और दुकानों पर विशेष नजर रखते हैं, जिससे चोरी या किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। एसपी ने कहा कि कई बार लंबे समय तक घर या दुकान बंद रहने की जानकारी असामाजिक तत्वों तक पहुंच जाती है, जिसका वे गलत फायदा उठाते हैं। लेकिन यदि पुलिस को पहले से सूचना हो, तो ऐसे तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा सकती है और अपराध को होने से पहले ही विफल किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क है और इसका उद्देश्य केवल नागरिकों की सुरक्षा करना है।

**डीजे भजनों, पुष्प वर्षा और आतिशबाजी से गूंजा पूरा क्षेत्र**

# ओढां में श्रीराम कथा शुभारंभ पर निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ओढां

हनुमान मंदिर ओढ़ा में श्रीराम कथा अमृत का भव्य आयोजन किया गया। कथा के शुभारंभ पर पहले दिन रविवार को आचार्य पवन कृष्ण व पुजारी महेंद्र शर्मा ने वेद मंत्रोच्चार के साथ भव्य कलश यात्रा शुरू की। कलश यात्रा बाबा रामदेव मंदिर से शुरू होकर राष्ट्रीय राजमार्ग, ग्रीन मार्केट, खाटू श्याम मंदिर, आरा रोड, पेट्रोल पंप से होते हुए हनुमान मंदिर में पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस दौरान श्रद्धालु डीजे पर बज रहे भजनों पर खूब नाचे और पटाखे भी चलाए। रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया गया।



यह कार्यक्रम श्री सालासर भंडारा ट्रस्ट एवं समस्त गांववासियों के सहयोग से किया गया। इसके उपरान्त हनुमान मंदिर में कथा वाचक परम श्रद्धेय आचार्य पवन कृष्ण ने कहा कि राम नाम की महिमा को अद्वितीय, अविनाशी और राम से भी बड़ा बताया गया है। राम नाम 'तारक मंत्र' है जो पापियों का उद्धार करता है और भवसागर पार कराने में सक्षम है। यह नाम सूर्य की भांति प्रकाशवान है, जो दुष्टों को सज्जन बना सकता है। भगवान राम ने स्वयं कहा है कि राम से बड़ा राम का नाम है।

**भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु**



**सिरसा।** अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से मंदिर के चौथे 14 दिवसीय स्थापना महोत्सव के 7वें दिन शनिवार रात को भजन संध्या व भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि मंदिर का चौथा स्थापना महोत्सव के 7वें दिन राजेंद्र गनेरीवाला ने गणेश वंदना व हनुमान चालीसा के साथ भजन संध्या का आगाज किया। उन्होंने भजन- वीर हनुमाना अति बलवाना, तेरी जय जयकार बाबा तेरी जय जयकार, वो खाटू बुला रहा है सेवा में अपनी लगा रहा है, दीनानाथ मेरी बात छानी कोनी तेर स सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी।

## खबर संक्षेप

### वीर परिवार सहायता योजना से मिलती सुरक्षा

**सिरसा।** देश की सुरक्षा करने वाले वीर जवानों के परिवारों को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से नालसा द्वारा 'वीर परिवार सहायता योजना' संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत नालसा द्वारा सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस सहित रक्षा कर्मियों और अर्धसैनिक बलों की ओर से पारिवारिक संपत्ति विवादों, घरेलू संघर्षों, भूमि संबंधी मुद्दों और अन्य कानूनी चुनौतियों से निपटने के लिए सक्रिय रूप से कदम उठाया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य दूरदराज और जोखिम वाले क्षेत्रों में तैनात सैनिकों के परिवारों को सक्रिय कानूनी सहायता प्रदान करना है। योजना के तहत शहीद जवान के परिवार के बच्चों की शिक्षा हेतु सहयोग, स्वास्थ्य सुविधाएं तथा स्वरोजगार से जु?ी सहायता भी उपलब्ध कराई जाती है।

### स्केटिंग में ख्याति ने जीता गोल्ड मेडल

**सिरसा।** यूमी फिटनेस क्लब की ओर से द विज्डम स्कूल में 5वीं स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। क्लब की डायरेक्टर डॉ. रवीना डायरेक्टर ने बताया कि चैंपियनशिप में बतौर मुख्यातिथि हरविंद्र कौर व वीरपाल कौर ने शिरकत की। इस मौके पर विज्डम स्कूल प्रिंसिपल गुरप्रीत सिंह व वाइस प्रिंसिपल प्रियंका अरोड़ा सहित अन्य गणमान्यजन मौजूद रहे। मुख्यातिथि हरविंद्र कौर व वीरपाल कौर ने बताया कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। इसलिए युवा शिक्षा के साथ-साथ खेलों में अधिक से अधिक रूचि दिखाएं। खेल न केवल हमें शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि मानसिक रूप से भी परिपक्व बनाते हैं। उन्होंने कहा कि खेलों में भी करियर के बेहतर अवसर उपलब्ध हैं।

### वेलफेयर ट्रस्ट डिजिटल लाईब्रेरी करेगा लांच

**सिरसा।** जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए बुक बैंक की स्थापना करने के बाद बाबा सरसाईनाथ बुक बैंक वेलफेयर ट्रस्ट ने एक क्रांतिकारी पहल की है। ट्रस्ट के प्रधान गुरदीप सैनी ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा शीघ्र ही डिजिटल लाईब्रेरी की लांचिंग की जाएगी। इस लाईब्रेरी को ट्रस्ट द्वारा संचालित किया जाएगा और इससे विभिन्न विषयों की पढ़ाई करने वाले लाखों विद्यार्थियों को लाभ पहुंचेगा। डिजीटल लाईब्रेरी के पोर्टल में एससीईआरटी, एनसीईआरटी, हरियाणा शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई समेत विभिन्न पाठयक्रमों की पुस्तकें उपलब्ध होंगी। इसका लिंक ट्रस्ट द्वारा ई-मेल के जरिए शेयर किया जाएगा।

### खेतों से सबमर्सिबल मोटरों की तार चोरी

**ओढां।** क्षेत्र के गांव धर्मपुरा में चोरों ने खेतों में लगे सबमर्सिबल ट्यूबवेल की मोटरों से केबल तार चोरी कर ली। घटना का पता चलने पर किसानों में रोष फैल गया। गांव के सरपंच प्रतिनिधि जसपाल सिंह ने बताया कि श्मशान घाट रोड के पास स्थित खेतों में लगी 9 मोटरों को चोरों ने निशाना बनाया। किसान गुरदीप सिंह, कुलबीर सिंह, गुलजार सिंह, राजू राम, दीपू राम सहित अन्य ने बताया कि सैकड़ों फीट तार चोरी होने से उन्हें भारी नुकसान हुआ है।

### बैटरी चोरी का आरोपी काबू, अन्य की पहचान

**सिरसा।** पुलिस ने सत्यम पैलेस से बैटरी चोरी की वारदात को सुलझाते हुए एक युवक को काबू किया है। सदर थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया की सत्यम पैलेस के मालिक रमन कुमार पुत्र चंद्रप्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 23 जनवरी को रात्रि के समय घर पर गया हुआ था। इस दौरान दो अज्ञात युवक आए और पैलेस में घुसकर एक बैटरी चोरी कर मौका से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर थाना सदर सिरसा में चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई। उन्होंने बताया कि सदर थाना की एक पुलिस टीम ने जांच के दौरान महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए आरोपी देवेंद्र पुत्र लालचंद निवासी गांव मौजूखेड़ा ढाणी जिला सिरसा को काबू कर लिया है।

---

### ऑल सफाई कामगार संघर्ष समिति के बैनर तले निकाला रोष-मार्च

# सफाई कर्मचारियों ने शहर में किया प्रदर्शन, विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ऑल सफाई कामगार संघर्ष समिति के बैनर तले रविवार को सैंकड़ों सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर शहर की सडक़ों पर जोरदार प्रदर्शन किया। नगर पालिका कर्मचारी संघ और ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के नेतृत्व में कर्मचारी नगर परिषद कार्यालय में एकत्रित हुए, जहां से लाल बत्ती चौक होते हुए अनाज मंडी तक रोष मार्च निकाला गया। प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया के कार्यालय पर पहुंचकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को सुनने के बाद विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने उनकी मांगों को जायज बताया। उन्होंने कर्मचारियों को विश्वास दिलाया कि आगामी विधानसभा सत्र के दौरान वे इन मांगों को प्रमुखता से उठाएंगे और उनके समाधान के लिए सरकार पर दबाव बनाएंगे। प्रदर्शन की अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ के ब्लाक प्रधान नरेश राणा, ग्रामीण सफ्ज्ञई कर्मचारी यूनियन से सुनील कुमार ने की व संचालन ब्लाक सचिव ओमप्रकाश लोट ने किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए संघ के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान रमेश तोषामड़, जिला प्रधान विजय ढाका, सकसं के ब्लाक प्रधान राजपाल मित्ताथल, कर्मचारी नेता बेगराज व नरेश राणा ने भाजपा सरकार पर तीखे हमले किए।



**फतेहाबाद।** विधायक बलवान सिंह को मांग पत्र सौंपते कर्मचारी नेता।

#### कर्मियों ने 12 फरवरी को हड़ताल की चेतावनी दी

मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार ग्रामीण सफाई कर्मियों को 26 हजार और शहरी कर्मियों को 27 हजार रुपये वेतन का लेटर तुरंत जारी हो। आबादी के अनुसार राज्य में 70 हजार सफाई और 20 हजार सीवरमैनों की पक्की भर्ती की जाए। जोखिमपूर्ण कार्य के लिए 5,000 रुपये मासिक जोखिम भत्ता लागू हो। कर्मचारी नेताओं ने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि सरकार ने अपना अडियल रवैया नहीं बदला, तो 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में हजारों सफाई कर्मचारी काम बंद कर सडक़ों पर उतरेंगे। इसके बाद भी समाधान न होने पर ऑल सफाई कामगार संघर्ष समिति पूरे हरियाणा में टीमें बनाकर आर-पार की लड़ाई का ऐलान करेगी। इस अवसर पर सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव रामनिवास शर्मा, ब्लाक सचिव इन्द्र घासी, वीरू रत्ति, अमित गिल, सत्यवान टाक, राजाराम, पवन चिनालिया, ग्रामीण कर्मचारी यूनियन के ब्लाक प्रधान पवन कुमार, गुलजारी सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

## फतेहाबाद में हजारों मजदूर सड़कों पर करेंगे प्रदर्शन

**फतेहाबाद।** भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों, कर्मचारी व श्रमिक संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। 12 फरवरी को लेबर कोड रद्द करने, न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये लागू करने, आंगनबाड़ी, आशा व मिड डे मील वर्करों, वन मजदूरों, ग्रामीण चौकीदारी व ग्रामीण सफाई कर्मियों सहित सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, रोड ट्रांसपोर्ट बिल, बिजली बिल, बीज विधेयक, शिक्षा विधेयक 2020 तथा वीबी जी राम जी को रद्द करने, पुरानी पेंशन बहाली, सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण पर रोक लगाने सहित अनेक मांगों को लेकर हजारों मजदूर व कर्मचारी हड़ताल करते हुए सडक़ों पर उतरकर रोष प्रदर्शन करेंगे। सीटू के नेताओं का आरोप है कि सरकार की वर्तमान नीतियां मजदूरों को गुलामी की ओर धकेल रही हैं। सीटू नेता ओमप्रकाश अनेजा, गगनदीप कौर, मदन सिंह, जगीर सिंह, शीला शक्करपुरा, सुनील कुमार, माया पूनियां, बेगराज आदि ने कहा कि सरकार निजीकरण और उदारीकरण के नाम पर जनता के अधिकारों को समाप्त कर रही है। कोरोना काल की आड़ में 29 श्रम कानूनों को खत्म कर चार लेबर कोड थोप दिए गए। 8 घंटे की शिफ्ट को बढ़ाकर 10 घंटे किया जा रहा है और यूनियन बनाने जैसे मौलिक अधिकारों को छीना जा रहा है। यह लोकतंत्र के लिए खतरा है। सीटू नेताओं ने आरोप लगाया कि मनरेगा जैसे मजबूत कानून को कमजोर किया जा रहा है और एलआईसी सहित अन्य सार्वजनिक उपक्रमों को कॉरपोरेट घरानों के हवाले किया जा रहा है। सालों से काम कर रही आंगनबाड़ी, आशा, मिड डे मील, वन मजदूर, ग्रामीण चौकीदार, ग्रामीण सफाई कर्मचारियों सहित अन्य विभागों में लगे कच्चे कर्मचारियों का भारी शोषण हो रहा है। हड़ताल को सफल बनाने के लिए फतेहाबाद और आसपास के इलाकों में व्यापक जनसंपर्क किया जा रहा है। 12 फरवरी को हजारों की संख्या में मजदूर और कर्मचारी सडक़ों पर उतरकर रोष प्रदर्शन करेंगे। संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि हड़ताल के बाद भी उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो यह आंदोलन और भी उग्र होगा।


**सिलाई।** सिलाई-कढाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ करते अशोक वर्मा।

## सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

एचएलआरडी के पूर्व चेयरमैन अशोक वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में रोजगार का गंभीर संकट है मगर ऐसी परिस्थितियों में बेटियों को कौशल से जुड़े कार्यों से जोडक़र उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर समाज व देश को विकसित बनाया जा सकता है। अशोक वर्मा रविवार को जिला कुम्हार सभा की ओर से स्थानीय जंडवाला मोहल्ला स्थित प्रजापति छात्रावास भवन में सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। अशोक वर्मा ने सभा की ओर से किए जा रहे सामाजिक व मानवीय विकास की दिशा में किए जा रहे कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे नेक और कल्याण से जुड़े कार्यों से युवतियों में आत्मबल का भाव पैदा होगा जो उनमें आत्मनिर्भरता का संबल भरेगा। अशोक वर्मा ने सभा को भरपूर आश्वस्त किया कि जब भी सभा को उनकी आवश्यकता होगी, वे हर पल उनकी सहायता के लिए तत्पर रहेंगे। वहीं जिला कुम्कार सभा के अध्यक्ष कुभारंभ ने उपस्थितजनों को बताया कि आरंभ किए गए इस केंद्र में प्राथमिकता पर 30 प्रशिक्षुओं को 6-6 माह का सिलाई कढ़ाई का प्रशिण दिया जाएगा। इन प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण कमल व अमीता द्वारा प्रदत्त किया जाएगा। 6 माह की अवधि के इस कोर्स को पूरा करने के बाद सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र देकर उन्हें प्रोत्साहित भी किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सभा के वरिष्ठ पदाधिकारी मास्टर रामचंद्र, लक्ष्मी प्रजापति, जीत सिंह जलंधरा, विनोद ढाणी शेरांवाली, पूर्व पार्षद शकुंतला वर्मा भी मौजूद थे।

## कांस्य पदक विजेता का बाजेकां में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

### नेशनल स्कूल हैंडबॉल प्रतियोगिता में दिखाया दम

नेशनल स्कूल हैंडबॉल प्रतियोगिता में हरियाणा को कांस्य पदक दिलाने वाली बाजेकां गांव की दोनों होनहार खिलाडिय़ों का आज पैतृक गांव पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान ढोल-नगाड़ों की थाप पर उनको पंचायत भवन लाया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह कंग ने गांव की इन दोनों खिलाडिय़ों को सम्मानित किया और उनकी इस उपलब्धि को गांव के गौरव बताया।

बाजेकां की हैंडबॉल खिलाड़ी निशा पुत्री हरिभगवान व निशा पुत्री श्याम लाल ने हरियाणा का मान बढ़ाते हुए हिमाचल प्रदेश के घुमरावीं में एक फरवरी से 5 फरवरी तक आयोजित 69 वीं नैशनल स्कूल प्रतियोगिता के अंडर-19 में अपना दमखम दिखा। बता दें कि सिरसा जिले से इन दोनों खिलाडि?ों ने प्रदेश टीम में भागीदारी की। इस टूर्नामेंट में हरियाणा ने कांस्य पदक जीता जिसमें इन दोनों निशा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पदक विजेता इन बेटियों को पैतृक गांव बाजेकां पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इन बेटियों को गांव लाने के लिए ग्रामीण गांव की सीमा पर ही पहुंच गए थे। जहां से ढोल की थाप नाचते हुए उन्हें पंचायत घर लाया गया। जहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। ग्राम पंचायत की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह कंग ने कहा कि इन दोनों बेटियों पर गांव को गर्व है। आज बाजेकां का नाम खेलों के क्षेत्र में प्रदेश में अलग पहचान बना रहा है।


**सिरसा।** पदक विजेता बेटियों का सम्मान करते ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

#### सम्मानित किया

इस दौरान दोनों हैंडबॉल खिलाडिय़ों को सम्मानित किया गया। वहीं ग्राम पंचायत ने गांव के हर खिलाड़ी को खेलों से जुड़ी तमाम सुविधाएं मुहैया करवाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान ग्राम पंचायत के सभी सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में गणमान्यजन भी मौजूद रहे।

## दयानंद स्कूल में दी भावभीनी विदाई

- छात्रों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

दयानंद हाई स्कूल परिसर में 9वीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा 10वीं कक्षा के छात्रों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके पश्चात विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण को उल्लासपूर्ण बना दिया। विद्यालय के संचालक नवीन बिंदल एवं प्रधानाचार्या पूजा बिंदल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुस्कान स्कूल के प्रिंसिपल एवं डायरेक्टर विजय गर्ग तथा एडवोकेट प्रीति गर्ग रहे। विदाई समारोह के दौरान गीत, नृत्य एवं भावनात्मक संदेशों के माध्यम से 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों के साथ बिताए गए यादगार पलों को साझा किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से सभी छात्रों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएँ देते हुए सफलता की कामना की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवार के सदस्य जोगेंद्र, पवन, सुनील, आरती, वंदना, मोनिका, रेखा, अंजली, निर्मला, मेवा, महक, सुनम, निशा, कुसुम सहित समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा। अंत में विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं एवं स्मरणीय पलों को कैमरे में कैद किया।


**भट्टूकलां।** विदाई समारोह का शुभारंभ करते अध्यापक। *फोटो : हरिभूमि*

## नि:शुल्क किडनी जांच शिविर में मरीजों को मिली राहत


**सिरसा।** शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल में रविवार को गुर्दे की पथरी, पेशाब की नली व थैली की पथरी तथा गुर्दे से जुड़े रोगों की निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों मरीजों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से जांच कराई और उचित सलाह प्राप्त की। शिविर में डॉ. विष्णुकांत शर्मा, डॉ. हेमंत वर्मा, डॉ. कल्पेश सत्परा, डॉ. अरमान, डॉ. सुशील, डॉ. सौरभ, डॉ. मोनिशा, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. संदीप कौर और डॉ. सिमरन ने अपनी सेवाएं दीं। डॉक्टरों ने अल्ट्रासाउंड, लैब टेस्ट सहित अन्य जरूरी जांचें कर मरीजों को सटीक निदान और इलाज के परामर्श दिए। इसके अलावा एमएसजी नेचुरोपैथी अस्पताल की ओर से भी एक अलग फ्री नेचुरोपैथी कैंप चलाया जा रहा है, इसमें डॉ. एम. रवि कुमार, डॉ. रूपेश व बिजोय परदा ने प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से मरीजों का उपचार किया और उन्हें तुरंत लाभ पहुंचाया।

## विद्यार्थियों का भव्य विदाई समारोह

- अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य प्राप्त करने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

माता हरकी देवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ओढ़ा में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर माता हरकी देवी शिक्षण संस्थान की प्रबंध निदेशक डॉ. कुलदीप कौर आनंद, उप प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी धर जैना, स्कूल कॉरडिनेटर, एडमिन टीम, स्कूल शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित हुए। समारोह की मुख्यातिथि विद्यालय की गौरवशाली पूर्व छात्रा खुशप्रीत रहीं, जो वर्तमान में एक युवा प्रोफेशनल के रूप में कॉर्पोरेट क्षैत्र में अपनी पहचान बना चुकी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अनुभव सांझा करते हुए अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य प्राप्ति का संदेश दिया।


**सिरसा ।** माता हरकी देवी विद्यालय में आयोजित विदाई पार्टी में मिस व मिस्टर को मुकुट पहनाकर सम्मानित करते हुए कुलदीप कौर आनंद। *फोटो : हरिभूमि*

#### शिक्षकों को सुंदर सुंदर टाइटल भी दिए

स्कूल में उन्होंने एक अच्छी शिक्षा के साथ साथ स्वयं को अनुशासन में रहकर कार्य करने की प्रेरणा भी सीखी। विद्यार्थियों ने अपने अनुभवों को सबके समक्ष सांझा किया। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को व कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को सुंदर सुंदर टाइटल भी दिए। सबने कार्यक्रम के दौरान नृत्य किया। कार्यक्रम के दौरान एमएचडी स्टाइल आइकोन मिस रूबी गोदारा, एमएचडी शो स्टोपर मिस हरसिमरत कौर, मिस्टर व मिस ईव सहिबजोत सिंह व खुशकोमल कौर, मिस्टर व मिस एमएचडी परीक्षित मल्हान व कामना और मिस्टर व मिस फेयरवेल अजय प्रताप सिंह व इन्द्रदीप कौर रहे।

## फर्जी बोर्ड सर्टिफिकेट के नाम पर हजारों की ठगी, गिरफ्तार



**फतेहाबाद।** शैक्षणिक धोखाधड़ी के मामले में कार्रवाई करते हुए इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। रविवार को इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि यह मामला 15 दिसंबर 2025 को मिली शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया था। हरियाणा मानव अधिकार आयोग, चंडीगढ़ के आदेशानुसार गठित विशेष जांच टीम द्वारा की गई जांच में खुलासा हुआ कि शिकायतकर्ता के बच्चों को चेन्नई बोर्ड के नाम पर फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्र उपलब्ध करवाए गए। शिकायतकर्ता दलबीर सिंह निवासी गांव सिरढान, जिला फतेहाबाद ने बताया कि आरोपियों ने उनके पुत्र व पुत्री को 10वीं एवं अन्य कक्षाओं के फर्जी प्रमाण पत्र देकर उनसे 90 हजार रुपये की ठगी की है। इस मामले में शिकायत के बाद भट्टूकलां पुलिस ने प्राथमिक जांच की। विशेष जांच टीम की प्रारंभिक रिपोर्ट में आरोप सही पाए जाने पर थाना भट्टूकलां में 20 जनवरी को केस दर्ज किया गया था। इस मामले में बाद में इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद को जांच सौंपी गई। इकोनॉमिक सेल की टीम ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी मांगेराम निवासी नाथूसरी चौपटा, जिला सिरसा को काबू किया है।

## फर्जी कस्टम अधिकारी बनकर युवती से लाखों की ठगी, आरोपी पटना से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



पुलिस ने फर्जी कस्टम अधिकारी बनकर एक युवती से करीब 12 लाख 50 हजार रुपये की साइबर धोखाधड़ी करने के मामले में एक आरोपी को बिहार के पटना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। सिरसा के पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने रविवार को बताया कि सिरसा जिले के गांव सिकंदरपुर थैहड़ निवासी एक युवती ने साइबर थाना सिरसा में शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी फेसबुक पर आईडी है जिस पर वह बेसहारा पशु-पक्षियों के प्रति करूणा और सेवा भाव से जुड़े वीडियो पोस्ट करती है। एक व्यक्ति ने उसकी पोस्ट पर मैसेज कर उसकी प्रशंसा की और खुद को सेवा कार्यों में रुचि रखने वाला बताया। अगले दिन व्यक्ति ने दोबारा संपर्क कर स्वयं को छिंदा नाम से परिचित कराया और बताया कि वह विदेश में रहता है तथा भारत लौटने पर सेवा कार्यों के लिए आर्थिक सहायता करेगा।

#### अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही: एसपी

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस बिहार के पटना में दबिश देकर आरोपी राहुल पुत्र लालन पटना से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। एसपी दीपक सहारन ने बताया कि मामले की जांच जारी है और ठगी में संलिप्त अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

---

**आस्था** | सत्संग में बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालु, सभी के भीतर छिपा अनमोल खजाना

> सत्संग में सुना जाए और उस पर जीवन में अमल करना ही सच्चा सत्संग

# डेरा जगमालवाली में सत्संग, संत बिरेंद्र सिंह ने आत्मचिंतन का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कालांवाली

डेरा जगमालवाली में रविवार सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। डेरा प्रमुख संत बिरेंद्र सिंह ने संगत को सत्संग का उपदेश दिया। उन्होंने कहा कि काल ने अंदर की नकल बाहर पेश कर दी है। वह सभी जीवों को बाहर-ही-बाहर भटकाता रहता है। अंदर एक पहरेदार बैठा है, जो सिमरन नहीं करने देता और इंसान को दुनियावी कामों में उलझाए रखता है।संत बिरेंद्र सिंह ने समझाया कि जो भी महापुरुष और संत मालिक की दरगाह तक पहंचे हैं, वे सभी एक ही बात कहते हैं कि बाहरी पाखंड के भीतर नहीं जाना है। उनका रास्ता सीधा होता है और वे इंसान को अपने-आप को जानने की प्रेरणा देते हैं। इंसान अपने-आप को जानने की कोई कोशिश नहीं करता, जबकि उसके भीतर एक अनमोल खजाना छिपा है। यह श्वास रूपी पूँजी सतगुरु ने देकर भेजी थी, लेकिन मनुष्य विषय-विकारों में फँसकर बैठ गया है। इस जन्म से छुटकारे का बंदोबस्त करना अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने महात्मा बुद्ध का उल्लेख करते हुए कहा कि बुद्ध ने लिखा है-मैं सिखाने के लिए नहीं, जगाने के लिए आया हूं। मैं मुक्ति दाता नहीं हूं, मैं तो तुम्हें रास्ता दिखाने आया हूं। तुम अपने दीपक स्वयं बनो। संत ने कहा कि हमें दुखों से घबराना नहीं चाहिए, क्योंकि दुख हमारे सबसे अच्छे मित्र हैं। उन्होंने श्रीकृष्ण भगवान के कथन का भी उल्लेख किया कि भगवान अपने प्रिय भक्तों को तीन दात प्रदान करते हैं-गरीबी, बीमारी और निरादरी। इन तीनों को कोई लेना नहीं चाहता, लेकिन ये अहंकार को तोडऩे के साधन हैं। संत जी ने शरीर के अहंकार से बचने की सीख देते हुए कहा कि सभी इस भ्रम में रहते हैं कि हमें यहाँ से जाना ही नहीं है, जबकि इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि कल सूरज देख पाएँगे या नहीं।


**सिरसा ।** डेरा जगमालवाली में सत्संग करते संत बिरेंद्र सिंह महाराज।

#### घर जाकर डायरी लगानी चाहिए

उन्होंने कहा कि घर जाकर डायरी लगानी चाहिए। हम हर महीने सत्संग में आते हैं। घर जाकर डायरी में यह लिखना है कि सत्संग में आकर हमने क्या-क्या बदलाव किए-जैसे झूठ बोलना छोड़ा, किसी की निंदा या बुराई करना छोड़ा, भीतर से बदला लेने की भावना त्याग दी। संत ने कहा कि सत्संग में 1-2 घंटे जो शिक्षा मिलती है, उसका होमवर्क भी घर जाकर करना जरूरी है, नहीं तो असफल होने की संभावना बनी रहती है। एक-एक बुराई को भीतर से निकालने में उम्र निकल सकती है, इसलिए जो सत्संग में सुना जाए, उस पर जीवन में अमल करना ही सच्चा सत्संग है।